**भारत सरकार**

**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**

**05.08.2026 के**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2848 का उत्तर**

**आंध्र प्रदेश में रेलगाड़ियों का परिचालन बहाल करना**

**2848. श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) आंध्र प्रदेश में कोविड-19 के दौरान रद्द की गई रेलगाड़ियों की सूची संबंधी ब्यौरा क्या है, और उनका यात्रामार्ग, परिचालन के फेरे और सेवा के प्रकार का ब्यौरा क्या है;**

**(ख) रद्द की गई प्रत्येक रेलगाड़ी की वर्तमान स्थिति क्या है, और क्या उसे बहाल/आंशिक रूप से बहाल/पुन: शुरू किया गया है, और इसमें किसी भी विलंब के क्या कारण हैं;**

**(ग) इन रेलगाड़ियों के बहाल न होने से प्रभावित यात्रियों की अनुमानित संख्या कितनी है, और प्रत्येक मार्ग पर दैनिक और वार्षिक यात्रियों की संख्या कितनी है;**

**(घ) क्या इन रेलगाड़ियों को बहाल करने के लिए कोई प्रस्ताव या अनुरोध मिला है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे प्रस्तावों की वर्तमान स्थिति क्या है;**

**(ङ) बहाली न होने की अवधि के दौरान यात्रियों के लिए की गई वैकल्पिक व्यवस्थाओं, यदि कोई हो, का ब्यौरा क्या है; और**

**(च) आंध्र प्रदेश में कोविड के कारण रद्द की गई सभी रेलगाड़ियों, विशेषकर बड़े कस्बों, ज़िला मुख्यालयों और राज्य के भीतर मुख्य संपर्क मार्गों पर चलने वाली रेलगाड़ियों को बहाल करने की योजना क्या है और इसकी अपेक्षित समय-सीमा क्या है?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (च) वर्ष 2020-21 के दौरान, भारतीय रेल ने अनुरक्षण कॉरिडोर ब्लॉक सृजित करके, रेलगाड़ियों की गति बढ़ाने आदि द्वारा बेहतर यात्री संरक्षा मुहैया कराने के लिए के लिए वैज्ञानिक ढंग से समय-सारणी के युक्तिकरण का कार्य किया है। इस प्रक्रिया में रेलगाड़ी सेवाओं**

**का युक्तिकरण भी शामिल है। वर्तमान में सभी रेलगाड़ी सेवाओं का परिचालन युक्तिकृत समय-सारणी के अनुसार किया जा रहा है।**

**चूँकि रेल नेटवर्क विभिन्न राज्यों की सीमाओं के आर-पार फैला होता है, इसलिए रेलगाड़ियों की शुरूआत नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार इन राज्य सीमाओं के आर-पार की जाती है। बहरहाल, यात्री सुविधा हेतु संपर्कता में निरंतर सुधार करने के अपने प्रयासों के तहत, भारतीय रेल ने कोविड पश्चात आंध्र प्रदेश राज्य में स्थित स्टेशनों को सेवित करने वाली 37 जोड़ी रेलगाड़ियों की शुरूआत की है। इनका विवरण निम्नानुसार है:**

| क्र. सं. | रेल गाड़ी संख्या और नाम |
|---|---|
| 1 | 17433/17434 तिरुपति - रक्सौल एक्सप्रेस |
| 2 | 17047/17048 चर्लपल्ली - तिरुचानूर एक्सप्रेस |
| 3 | 17443/17444 तिरुपति - चर्लपल्ली एक्सप्रेस |
| 4 | 17441/17442 तिरुपति - चर्लपल्ली एक्सप्रेस |
| 5 | 17043/17044 सिकंदराबाद - अनकापल्ली एक्सप्रेस |
| 6 | 17635/17636 हजूर साहिब नान्देड - धर्मवरम एक्सप्रेस |
| 7 | 17059/17060 चर्लपल्ली - तिरुचानूर एक्सप्रेस |
| 8 | 17437/17438 तिरुपति - पंढरपुर हमसफर एक्सप्रेस |
| 9 | 17053/17054 चर्लपल्ली - अनकापल्ली एक्सप्रेस |
| 10 | 57407/57408 गुंटाकल - मार्कापुर रोड एक्सप्रेस |
| 11 | 17295/17296 काकिनाडा टाउन - हिसार एक्सप्रेस |
| 12 | 18501/18502 विशाखपट्टणम - कोल्लम एक्सप्रेस |
| 13 | 19559/19560 तिरुपति - ओखा एक्सप्रेस |
| 14 | 17637/17638 जालना - तिरुचानूर एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 15 | 56531/56532 यशवंतपुर - हिन्दुपुर पैसेंजर |
| 16 | 18509/18510 विशाखपट्टणम - सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु एक्सप्रेस |
| 17 | 17045/17046 चर्लपल्ली - अनकापल्ली एक्सप्रेस |
| 18 | 17633/17634 हजूर साहिब नान्देड - तिरुचानूर एक्सप्रेस |
| 19 | 17429/17430 तिरुपति - अकोला एक्सप्रेस |
| 20 | 17289/17290 काकिनाडा टाउन - मैसूरू एक्सप्रेस |
| 21 | 17427/17428 तिरुपति - नरसापुर एक्सप्रेस |
| 22 | 67301/67302 राजमुंदरी - काकिनाडा पोर्ट मेमू |
| 23 | 17061/17062 चर्लपल्ली - नरसापुर एक्सप्रेस |
| 24 | 17439/17440 तिरुपति - श्रीकाकुलम रोड हमसफर एक्सप्रेस |
| 25 | 18507/18508 विशाखपट्टणम - तिरुपति एक्सप्रेस |
| 26 | 18527/18528 विशाखपट्टणम - चर्लपल्ली एक्सप्रेस |
| 27 | 18505/18506 विशाखपट्टणम - तिरुपति एक्सप्रेस |
| 28 | 17425/17426 तिरुपति - साईनगर शिर्डी एक्सप्रेस |
| 29 | 17423/17424 तिरुपति - चिक्कमगलूरु एक्सप्रेस |
| 30 | 20829/20830 दुर्ग - विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 31 | 20841/20842 भुवनेश्वर - विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 32 | 17421/17422 तिरुपति - कोल्लम एक्सप्रेस |
| 33 | 20707/20708 सिकंदराबाद - विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 34 | 20677/20678 एमजीआर चेन्नै - विजयवाड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 35 | 20701/20702 सिकंदराबाद - तिरुपति वन्दे भारत एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 36 | 20833/20834 विशाखपट्टणम - सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 37 | 66559/66560 यशवंतपुर - श्री सत्य साईं प्रशांति निलयम मेमू |

इसके अलावा, भारतीय रेल ने यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्वदेशी रूप से अभिकल्पित एवं निर्मित आधुनिक सवारी डिब्बों, उन्नत संरक्षा विशेषताओं तथा यात्री सुविधाओं से युक्त वंदे भारत रेलगाड़ियों (कुर्सीयान एवं शयनयान) तथा अमृत भारत एक्सप्रेस की शुरूआत की है।

वर्तमान में भारतीय रेल नेटवर्क पर 81 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस (कुर्सीयान), 01 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस (शयनयान) तथा 36 जोड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस परिचालित की जा रही है। इनमें से 08 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस (कुर्सीयान) तथा 12 जोड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस आंध्र प्रदेश राज्य में स्थित स्टेशनों के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं। इनका विवरण निम्नानुसार है:

आंध्र प्रदेश के स्टेशनों को सेवित करने वाली वंदे भारत रेलगाड़ियां

| क्र. सं. | रेलगाड़ी संख्या और नाम |
|---|---|
| 1 | 20677/20678 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल - नरसापुर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 2 | 20701/20702 सिकंदराबाद - तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 3 | 20703/20704 काचीगुडा - यशवंतपुर वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 4 | 20707/20708 सिकंदराबाद - विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 5 | 20829/20830 दुर्ग - विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 6 | 20833/20834 विशाखपट्टणम - सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 7 | 20841/20842 भुवनेश्वर - विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस |
| 8 | 22231/22232 कलबुरगि - एसएमवीटी बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस |

आंध्र प्रदेश के स्टेशनों को सेवित करने वाली अमृत भारत रेलगाड़ियां

| क्र. सं. | रेलगाड़ी संख्या और नाम |
|---|---|
| 1 | 13433/13434 सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु - मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस |

| | |
|---|---|
| 2 | 15673/15674 चर्लपल्ली - कामाख्या अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 3 | 16107/16108 तांबरम - सांतरागाछी अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 4 | 16357/16358 नागरकोविल - चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 5 | 16597/16598 एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु - अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 6 | 16601/16602 ईरोड - जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 7 | 16619/16620 पोदनूर - धनबाद अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 8 | 17041/17042 चर्लपल्ली - तिरुवनंतपुरम सेंट्रल अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 9 | 17065/17066 चर्लपल्ली - शालीमार अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 10 | 19021/19022 उधना - ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 11 | 20603/20604 न्यू जलपाईगुड़ी - नागरकोविल अमृत भारत एक्सप्रेस |
| 12 | 20609/20610 न्यू जलपाईगुड़ी - तिरुच्चिरापल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस |

रेलगाड़ी सेवाओं की शुरूआत हेतु औपचारिक और अनौपचारिक दोनों तरह के प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/अभ्यावेदन, रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेल कार्यालयों, मंडल कार्यालयों आदि सहित विभिन्न स्तरों पर संसद सदस्यों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्त्ताओं आदि से प्राप्त होते हैं। इन प्रस्तावों की जांच की जाती है और व्यवहार्य एवं औचित्यपूर्ण पाए जाने पर समय-समय पर कार्रवाई की जाती है, जो एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

इसके अतिरिक्त, नई रेलगाड़ी सेवाओं की शुरूआत, जो कि एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें शामिल हैं-

- उस खंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए समान अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथों और अन्य परिसंपत्तियों के अनुरक्षण की आवश्यकता
- खंड की अधिभोगिता और यातायात मांग।

********